फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ़ – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 37/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 31.08.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नही होनें से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा जरिये क्रमांकः अपील सं. /37/2021/69–70 दिनांक 25.08.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार श्री गोपाल कंसारा निवासी देवगढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आवेदन दिनांक 01.06.2021 के बिन्दु सं. 1 की सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने हेतु श्रीमान जिला कलक्टर भू0अ0 के पत्र क्रमांक प. 14(भू0अ0)/2020/488–97 दिनांक 11.06.2021 के द्वारा इस कार्यालय को स्थानान्तरित किया गया आवेदन पत्र दिनांक 23.06.2021 को प्राप्त हुआ जिस पर बिन्दु सं. 1 की सूचना कार्यालय के उपलब्ध रेकार्डनुसार आवेदक को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 80–81 दिनांक 11.08.2021 द्वारा भिजवायी गयी हैं। पत्रांक की प्रति संलग्न है बिन्दु में बिना मुण्डेर के कुओं का रेकार्ड संधारित नही होने से दिया जाना सम्भव नही। बिन्दु सं. 1 की सूचना देने में दिनांक 15.01. 2021 से दिनांक 03.07.2021 तक पटवारियान की हडताल की वजह से विलम्ब अवश्य हुआ हैं जो परिस्थितिजन्य हैं। आवेदक को रेकार्ड के आधार पर सूचना उपलब्ध करा दी गयी हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ के द्वारा अपीलार्थी को रेकार्ड के आधार पर सूचना उपलब्ध कराये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)